तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 31 दिसंबर 2023

11 100वीं वर्षगांठ मनाने के समय विकसित देश के रूप में ...


12 बालोद पहुंचा अक्षत कलश, निकाली भव्य शोभायात्रा




## खबर संक्षेप

### ग्राम तिलखैरी में आज डांस स्पर्धा

**अंडा।** समीपस्थ ग्राम तिलखैरी में विगत 8 वर्षों की भांति इस वर्ष भी साल के अंतिम दिन याने आज रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय कलाकारों के प्रोत्साहित करने के लिए रिद्धी-सिद्धी डांस ग्रुप मंच प्रदान करती है। सामूहिक, युगल, एकल नृत्य में व्यक्तिगत आकर्षक ईनाम भी दिया जाता है। स्थानीय ग्रामीण कलाकारों को अपने कला का प्रदर्शन हेतु तिलखैरी के साथ आसपास मटिया, मटेवा, मासाभाट, मोंहदीपाठ और कातरो में मंच उपलब्ध है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु योगीराज साहू, कमलेश पटेल, चन्द्रेश साहू, गजेन्द्र साहू, दुलेश्वर, लीकेश्वर साहू, पूनम निषाद, मनस्वी, सुशील, दीपक, राहुल, हेमचंद, ताजेश, डागेश निषाद एवं रूपेश यादव को जिम्मेदारी दी गई है।

### ग्राम चिंगरी में मड़ई-मेला 17 जनवरी को

**अंडा।** ग्राम पंचायत चिंगरी में 17 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व सरपंच विजय साहू और चन्द्रहास साहू ने बताया कि इस मड़ई मेले के अवसर पर रात्रि 10 बजे हुच्चेटोला अम्बागढ़ चौकी वालों का छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से मड़ई-मेले में शामिल होने का आग्रह किया है।

### कोड़ेकसा में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम कोड़ेकसा में प्रेरणा नवयुवा एकता संगठन एवं समस्त ग्राम वासियों के द्वारा एकदिवसीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसंबर को शाम 5 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए शुल्क 201 रूपए रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए राजीव युवा मितान क्लब द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 3001 रुपए हमाल संघ कोड़ेकसा द्वारा, तृतीय पुरस्कर 2001 रुपए युवा एकता संगठन द्वारा व चतुर्थ पुरस्कार 1001 रुपए प्रेरणा नव युवा एकता संगठन द्वारा प्रदान किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष ईयाराम मेरिया ने अधिक से अधिक प्रतिभागियों से प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की है।

### दो दिवसीय नशामुक्त भारत अभियान आज से

**डौंडीलोहारा।** 31 दिसम्बर व 1 जनवरी को दो दिवसीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत श्री नव सृजन वेलफेयर फाऊंडेशन रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत के दुर्ग, भिलाई, रायपुर, आरंग, महासमुंद ,बस्तर संभाग, शिवरीनारायण, डोंगरगढ़, कसडोल, राजनांदगांव, कोरबा, बिलासपुर, बल्लारशाह, महाराष्ट्र,मध्यप्रदेश तथा स्थानीय कार्यकर्ता व शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी नवयुवक युवक युवतियां, महिला-पुरुष स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं नशा मुक्ति रैली में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही सफाई अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण, जन-जागरुकता अभियान एवं दीप यज्ञ सहित बाल सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाल निवेंद्र सिंह टेकाम होंगे।

### विमोचन समारोह आज

**भिलाई।** दीपाक्षर साहित्य समिति का विमोचन समारोह रविवार को दोपहर 1 बजे होटल एवलान सिंधया नगर दुर्ग में होगा। समारोह में समिति के संस्थापक डॉ. संतराम देशमुख, विमल की 9व डॉ. इंद्र बहादुर सिंह के 1 साहित्य का विमोचन किया जाएगा। विमोचन होने वाले किताब में समिति के संस्थापक डॉ. देशमुख द्वारा लिखित दिवगंत साहित्यकार बसंत देशमुख के व्यक्तित्व व कृतित्व पर केंद्रित प्रमुख है।

# बुधवन्तीन की आंखों से अब दो दृष्टिहीनों के जीवन में आएगा उजियारा

## मटिया क निवासी परिवार ने की सराहनीय पहल, मरणोपरान्त परिजनों ने कराया नेत्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला अंधत्व नियंत्रण एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम इकाई बालोद के तत्वावधान में मटिया क निवासी बुधवन्तीन बाई पति स्व छन्नू लाल के मरणोपरांत नेत्रदान के तहत नेत्र एकत्र कर नेत्र चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर भेजा गया। इससे कार्निया बाधित दृष्टिहीनों की नेत्र ज्योति प्रदान करने कार्निया ट्रांसप्लांट सर्जरी की प्रक्रिया की जाएगी। परिवार की सर्व सहमति से यह कार्य पूर्ण किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार रात्रि करीब 5 बजे कबीर आश्रम के साहेब देवेन्द्र साहेब द्वारा सहायक जिला नोडल अधिकारी एवं नेत्रदान अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा को नेत्रदान किए जाने के संबंध में सूचना मिली। बिना कोई देरी किए नेत्रदान की प्रक्रिया के लिए जिला से अपनी टीम के साथ ग्राम मटिया हल्दी पहुंचे। नेत्र एकत्र करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर नेत्र एकत्र किया गया एवं तत्काल नेत्र चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर भेजा गया। इस पुण्य कार्य में सहयोगी डॉ निर्मल चन्द्राकर, जयपाल सिंह, डिगेश देवांगन, काकेश्वर नेताम एवं ग्रामीण संयोजक वाय चन्द्राकर उपस्थित रहे। नेत्रदाता के बड़े पुत्र राम कृष्ण साहू, लोमश साहू, राकेश साहू, उपासना साहेब, संगीता साहू, ओमप्रकाश साहू, छन्नू साहू, तिरथ साहू, विजय साहू का सहयोग सराहनीय रहा। इस सराहनीय पहल के लिए अंधत्व नियंत्रण कार्य एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आभार व्यक्त किया।



### इस वर्ष का यह पांचवां नेत्रदान

यह कार्य जिलाधीश कुलदीप शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ जेएल उईके, जिला नोडल अधिकारी एके मिश्रा के मार्गदर्शन एवं सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष का यह पांचवा नेत्रदान है। इस कार्य में कबीर आश्रम करहीभदर के देवेन्द्र साहेब का भी विशेष योगदान रहता है। आश्रम द्वारा देहदान एवं नेत्रदान के लिए विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जाता है।



## सौगात : जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जामगांव आर सोसायटी के किसानों में प्रसन्नता का माहौल

# किसानों के खाते में पहुंचे 11 करोड़ 30 लाख एक ही दिन में 1 करोड़ का रिकार्ड भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जामगांव आर अंतर्गत 2014–15 और 2015–16 की बोनस राशि 11 करोड़ 30 लाख 42 हजार 220 रूपये किसानों के खाते में डाली गई है। वहीं, बोनस राशि प्राप्त करने वाले किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। वहीं, बोनस राशि आने के बाद खाते से रूपए लेने बैंकों में भीड़ उमड़ने लगी है। शाखा प्रबंधक संतराम सेन बताया कि बोनस की राशि खाते में आते किसानों की भीड़ बोनस राशि आहरण के लिए उमड़ रही है। उन्होंने बताया कि 1 ही दिन में 1 करोड़ रुपए बोनस राशि भुगतान करने का रिकार्ड बन चुका है।

शाखा प्रबंधक श्री सेन ने बताया कि सुव्यवस्थित ढंग से बोनस राशि का वितरण किया जा रहा है। किसान प्रसन्न मुद्रा में राशि लेकर घर लौट रहे हैं। सेन बताया कि 29 दिसंबर तक धान की खरीदी 1 लाख 62 हजार 386 क्विंटल राशि 35 करोड़ 53 लाख 93 हजार 272 रुपये की ▶▶| शेष पेज 10 पर



### पार्टी उतने ही वादे करे, जिन्हें वह पूरा कर सके

किसान लोकनाथ साहू को 32 हजार बोनस का आया। उन्होंने कहा कि हमें फ्री का नहीं दें, लेकिन हमारा हक का तो दे। लोकनाथ ने कहा कि कोई भी सरकार उतना ही वादा करे, जितना वो पूरा कर सकते हैं। लोकनाथ साहू ने कहा कि भाजपा ने वादा किया चंद दिनों में वादा निभाना प्रारंभ कर दिया, वास्तव में होना यही चाहिए। निश्चित ही सरकार पर किसान का विश्वास बढ़ेगा। किसान चरण धीवर ने कहा कि ईमानदारी बड़े काम की चीज है इसे सबको समझना चाहिए। नागेंद्र वर्मा को 44 हजार 628 रुपये बोनस खाता में आया नागेंद्र ने कहा कि मोदी भाजपा है तो फिल गुड मुमकिन है।

### भाजपा उसी समय बोनस दे देती तो 5 साल का वनवास नहीं होता

किसान संजय साहू के खाते में 98 हजार रुपए बोनस का आया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस राशि से हमें बड़ा सहारा मिला है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उस समय बोनस दे दिया गया होता, तो भाजपा को 5 साल के लिए वनवास नहीं होता।

### सोसायटी एवं सत्रवार बोनस

शाखा प्रबंधक संतराम सेन बताया कि 2014–15 एवं 2015–16 दोनों सत्र का बोनस जामगांव आर सोसायटी अंतर्गत भनसूली, बोरवाय, ओरी, खोला, बासीन, जामगाब आर के क्रमशः सत्र में 941 किसान एवं 863 किसान को योग कुल 2 करोड़ 91 लाख 65 हजार 880 रूपये। कुम्हली सोसायटी अंतर्गत पौहा, भैसबोड़, खपरी, कुम्हली 690 किसान एवं 628 किसान को योग कुल राशि 2 करोड़ 3 लाख 33 हजार 880 रूपये। भरर सोसायटी अंतर्गत करेला, मोहभट्ठा, बीजाभाठा, घोरारी, भरर के 826 एवं 759 किसानों को 2 करोड़ 38 लाख 71 हजार 540 रूपये। बटरेल सोसायटी अंतर्गत आगेसरा अरमरी खुर्द, रिवंगाहन, उमरपोटी, बटरेल के 1366 एवं 1351 किसान को 3 करोड़ 96 लाख 70 हजार 920 रुपए का बोनस खाते में आ गया।

### एक किसान को 3 लाख 80 हजार तक मिला बोनस

बटरेल, भरर, जामगांव आर सोसायटी के 9 किसानों को 2014–15 में 1 लाख रूपये से 1 लाख 92 हजार 360 रुपये तक और 2015–16 में भरर, बटरेल, कुम्हली, जामगांव आर सोसायटी के 11 किसान को 1 लाख से अधिक से 1 लाख 88 हजार 400 रुपये तक बोनस लाभ मिला।



# पटरी से उतरी मालगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा से बीएसपी का आयरन ओर कच्चा लोहा लेने जा रही मालगाड़ी के दो डब्बे गांधी चौक के समीप रेल पटरी पर उतर गए। हालांकि, इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई परंतु बीएसपी और रेलवे की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग गया। मिली जानकारी के अनुसार दल्लीराजहरा सेक्शन की मुख्य लाइन पर रेल परिचालन संचालित है। शनिवार 30 दिसंबर को प्रातः 07:25 को रायपुर रेल मंडल के दुर्ग-दल्लीराजहरा सेक्शन के मध्य दल्लीराजहरा के साइडिंग में खाली मालगाड़ी के वगैन पटरी से उतर गए हैं। इस घटना में किसी भी तरह का जानमाल की हानि नहीं हुई है, वहीं दुर्ग - दल्लीराजहरा सेक्शन की मुख्य लाइन पर यातायात भी प्रभावित नहीं हुई है। यह मालगाड़ी खाली वगैन कर दल्लीराजहरा माइंस जा रही थी और प्लेसमैंट के दौरान मालगाड़ी का एक डिब्बा पलट गया और दो डिब्बे पटरी से उतर गए। दुर्ग - दल्लीराजहरा सेक्शन में कोई भी यात्री गाड़ी प्रभावित नहीं हुई है, यात्री गाड़ियों का परिचालन हो रहा है। गौरतलब है कि दल्लीराजहरा बीएसपी माइंस जा रही एक मालगाड़ी हादसे का शिकार हो गई है। माइंस जा रही मालगाड़ी का एक डिब्बा पलट गया और दो डिब्बे पटरी से उतर गए। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी भिलाई से कच्चा लोहा खाली कर दल्लीराजहरा माइंस वापस माल भरने आ रही थी, तभी अचानक डिब्बे पटरी से उतर गए। यह हादसा गांधी चौक के पास हुआ है। एक डिब्बा पलटने के साथ दो डब्बे ट्रैक से बाहर हो गए। उधर, मालगाड़ी के पटरी से उतरने की जानकारी मिलते ही आसपास लोगों की भीड़ लग गई।

■ दुर्ग–दल्लीराजहरा सेक्शन के मध्य दल्लीराजहरा साइडिंग की घटना

# गन्ने की 550 रूपए के साथ 250 रूपए बोनस भी दे सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ जिला बालोद के जिला पदाधिकारी एवं ब्लाक पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल के गन्ने की मूल्य वृद्धि को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। संघ के संरक्षक छगन देशमुख एवं अध्यक्ष तेजराम साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री से गन्ना किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि मूल्य बढ़ाने पर विचार करेंगे। बालोद जिले मे गन्ना का रकबा बहुत कम है। शक्कर कारखाना बालोद को अन्य जिलों से गन्ना मंगाना पड़ता है, किसानों के हितों तथा शक्कर कारखाना के अस्तित्व के लिए गन्ना ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ मुख्यमंत्री से मिलकर गन्ना किसानों ने की मांग

### बालोद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर 2 को

**बालोद।** केन्द्र सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं के संबंध में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन बालोद शहर में 02 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक सरदार पटेल मैदान में किया जाएगा। नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील अग्रहरि ने बताया कि शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टप इंडिया, स्टैण्डअप इंडिया, आधार कार्ड पंजीयन एवं संशोधन तथा स्वास्थ्य सुविधाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में उक्त योजनाओं में हितग्राहियों का पंजीकरण का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साथ ही कार्यक्रम स्थल को फ्री–वाईफाई जोन भी बनाया जा रहा है। अग्रहरि ने बताया कि इस अवसर पर क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। जिसमें भारत सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओ की पात्रता एवं अन्य संबंध में उपस्थित जनों से कार्यक्रम स्थल पर ही प्रश्न पूछे जाएंगे एवं प्रतिभागियों द्वारा सही जवाब देने पर उन्हें पुरस्कार से सम्मानित भी ▶▶| शेष पेज 10 पर

### उज्ज्वला के दौर में लकड़ियों का सहारा...



**बालोद।** एक ओर जहां प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही पीएम उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को लाभ दिलाने हितग्राहियों से आवेदन लिया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी महिलाएं जंगल से सूखी लकड़ियां इकट्ठा कर घर लाकर चूल्हे में ही खाना बना रही हैं। लकड़ी ले जा रही महिलाओं ने कहा कि गैस सिलेंडर का दाम हजार रुपये के आसपास होने के कारण गैस नहीं भरा रहे हैं, उसके स्थान पर लकड़ी के सहारे चूल्हा जलाकर खाना पकाते हैं।

## ग्राम अमलीडीह में साइबर क्राइम पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

# अपराध रोकने व नशामुक्ति के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम अमलीडीह सामुहिक कला मंच से सायबर क्राईम पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्वस्थ्य युवा भारत के तहत स्कूली छात्र, छात्राओं को कानून, अपराध, नशा मुक्ति संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शिविर में बौद्धिक परिचर्चा में आम नागरिकों एवं शिक्षकों, छात्र, छात्राओं को बाल श्रम, उत्तम शिक्षा व स्वास्थ्य के सबंध में जागरूक किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय बालोद के तत्वावधान में ग्राम अमलीडीह सामुहिक कला मंच से सायबर क्राईम पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्वस्थ्य युवा भारत के तहत स्कूली छात्र, छात्राओं को कानून, अपराध, नशा मुक्ति संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही शिविर में बौद्धिक परिचर्चा में आम नागरिकों एवं शिक्षकों, छात्र, छात्राओं को बाल श्रम, उत्तम शिक्षा व स्वास्थ्य के सबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला सेल बालोद से सउनि सीता गोस्वामी, सायबर सेल बालोद से आरक्षक योगेश गेडाम, जिला संरक्षण अधिकारी नारेन्द्र साहू, जिला समन्वयक चाईल्ड लाईन बालोद वेदप्रकाश साहू एवं ग्रामवासी भी उपस्थित थे।







ग्राम अमलीडीह से सायबर क्राईम पुलिस द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय बालोद के स्कूली छात्र, छात्राओं को एटीएम कार्ड नंबर, पिन नं. सीवीवी नंबर, ओटीपी नंबर, शेयर नहीं करने व बाल विवाह रोकथाम, बाल श्रम, उत्तम शिक्षा व स्वास्थ्य व गुड–टच, बैड टच, बच्चों का शोषण, पॉक्सो एक्ट एवं जेजे

### शेयर न करें व्यक्तिगत जानकारी

एक्ट की जानकारी साझा की गई। साथ ही साइबर क्राईम एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में आनलाईन फ्राड, सोशल मीडिया लोन एप्प्स साइट, फेसबुक मैसेंजर, व्हाट्सएप के जरिए अश्लील वीडियो काल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ऑनलाईन फ्राड, एटीएम का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नं. सीवीवी नंबर, ओटीपी नंबर, शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, उत्तम शिक्षा व स्वास्थ्य के सबंध में जागरूक किया गया। साथ ही साथ अभिव्यक्ति एप की जानकारी देकर एप डाउनलोड कराया गया।

### शहीद कौशल यादव महाविद्यालय में लगा आनंद मेला

**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में छात्र–छात्राओं को व्यवसायिक गतिविधि से परिचित कराने के उद्देश्य से आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों में कूपन प्रणाली के द्वारा व्यंजनों का विक्रय किया गया। आनंद मेला उत्सव में छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा व्यंजनों का आनंद लिया। इस दौरान छात्रों ने व्यापार कौशल का व्यवहारिक अनुभव प्राप्त किया। उत्सव का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीआर मेश्राम ने किया।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### कनेरी में हुआ मितानिन बहनों का सम्मान

**गुरूर।** ग्राम पंचायत कनेरी द्वारा मितानिन बहनों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच दिनेश्वरी पन्नालाल सिन्हा ने मितानिन बहनों को संबोधित करते हुए मितानिन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दिनेश्वरी पन्नालाल सिन्हा ने कहा की मितानिन बहने स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। हर परिस्थिति में मितानिन बहने नागरिकों के घरों तक पहुंचकर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराती हैं। लोक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए घर–घर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने वाली मितानिन बहनों का योगदान अनुकरणीय है। आप सभी निस्वार्थ भाव से जनसेवा में समर्पित रहती हैं। मितानिनों ने ग्राम की महिलाओं को जागरुक करने का काम भी किया है। सुरेश बरखे पंच द्वारा मितानिन बहनों को ग्राम के स्वास्थ्य क्षेत्र में अच्छा कार्य करने हेतु सराहना किया गया। कुंज बिहारी पंच द्वारा मितानिन बहनों का गांव के प्रत्येक घरों में स्वास्थ्य सेवा सुविधा मुहैया कराने के लिए धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम को दामिनी सिन्हा, लक्ष्मी उईके, देवबती छपेंद्र, ममता नेतद्यम, आरती साहू, निर्मला पटेल, अंजलि साहू, तारकेश्वरी साहू पंच द्वारा भी संबोधित किया गया। इस अवसर पर मितानिन बहने क्रमशः प्रभा सिन्हा, प्रमिला बरखे, कांति बाई मानिकपुरी, टिकेश्वरी साहू, मिलद्यपा साहू, चित्ररेखा नेताम उपस्थित थी।

### गांव-गांव पहुंच रहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ



**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्र बालोद जिले के हितग्राहियों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लाभान्वित करने का कारगर माध्यम साबित हो रहा है। इसके अंतर्गत जिले में कुल 1956 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड वितरण के अलावा 86 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 54 हितग्राही का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 113 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 214 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 38 किसानों का आवेदन लिया गया। ग्राम परेंगुड़ा एवं सांकरा क और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम देवरी, सुरसुली, खोलझर एवं पिंगाल तथा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम परना एवं परसतराई में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। गुरूर के ग्राम हसदा एवं भिराई तथा डौण्डी के ग्राम नलकसा एवं कुमुड़कट्टा में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया गया।

### बृजमोहन के शिक्षामंत्री बनने से समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगी

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिलाध्यक्ष राधेश्याम साहू ने बृजमोहन अग्रवाल को स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री बनाए जाने पर प्रसन्नता



व्यक्त करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के अव्यवस्थित कार्यप्रणाली को सुधारने में श्री अग्रवाल का अनुभव तथा उनके निर्णय लेने की क्षमता से शिक्षक संवर्ग के विभागीय सेवाकालीन मुद्दों का समाधान होगा। फेडरेशन का कहना है कि राज्य स्तर पर पदोन्नति विगत 5 वर्षों से लंबित है। स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 में वर्णित नियमों एवं प्रावधानों के विरुद्ध वरिष्ठता सह उपयुक्तता को दरकिनार करते हुए प्रशासकीय पदों पर पदीय जूनियर व्यक्ति को पदस्थ किया गया है।

# सब प्राप्त कर लिया, लेकिन धर्म धारण नहीं किया तो सब बेकार

## विचार प्रवचन श्रृंखला के दौरान शासन दीपिका श्री मंजुलाश्रीजी मसा ने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तीर्थंकर देवों की असीम कृपा से जिनवाणी यह सूचित करती है कि हमें जैसे बाजारों में सेल लगा रहता है वहां पर 50 प्रतिशत छूट व एक में एक फ्री उपलब्ध हो जाते हैं, इस प्रकार प्रभु की वाणी सूचित कर रही है कि यह दुर्लभ मनुष्य भव मिला है, जिसका भी हम बाजार में लगे सेल के समान लाभ उठा लें। यदि आज मनुष्य धर्म को नहीं संभाल पाएंगे तो धर्म निम्न कोटियों के हाथों में चला जाएगा, धर्म के लिए समय दो, यह प्रभु महावीर का माल लो व त्याग तपस्या से अपने आप को जोड़ लो। हमें आज दूसरों की कमी दिख जाती है पर कमी का कारण नहीं दिखती। सभी का स्वभाव अलग–अलग है, जीवन में मौका मिला है तो सार्थक कर लो, समय निकल जाने के बाद हम चूक न जाए। हम देखते हैं जो चीज हमें सहज व सरलता से मिली है, उसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, दूसरे चीजों की ओर भाग रहे हैं। जीवन में यदि सब कुछ प्राप्त कर लिया, लेकिन धर्म धारण नहीं किया तो सब बेकार है। धर्म के आगे किसी भी चीज की कोई कीमत नहीं होती। उक्त विचार प्रवचन श्रृंखला के दौरान शासन दीपिका श्री मंजुलाश्रीजी मसा ने कही। कार्यक्रम का सफल संचालन रितु बाफना ने किया, समता बालिका मंडल ने गीत प्रस्तुति की, अंजलि चोपड़ा ने अपने भाव व्यक्त करते हुए शिविराथियों की ओर से आभार प्रकट किया, इस अवसर पर जैन समाज के गणमान्य नागरिक खेतमल जैन, दीपचंद सांखला, तेजमल चोपड़ा, राजेश टाटिया, मोहन नाहटा, सुनील ललवानी, प्रकाश नाहटा, संतोष चंद लोढ़ा, जेठमल नाहटा, विशाल ललवानी, श्रेणिक नाहर सहित अन्य उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन मुकेश श्री श्रीमाल ने किया।



### 95 शिविरार्थी बच्चों को महासतियों ने कराया अध्ययन

पूज्याचार्य भगवन श्रीरामेश, परमपूज्य उपाध्याय प्रवर श्रीराजेश मुनि जी म.सा. के आज्ञानुवर्ती सुशिष्या शासन दीपिका मंजूलाश्री जी म.सा. आदि ठाणा चार के पावन सानिध्य में पाँच दिवसीय परिज्ञा शिविर 25 से 29 दिसंबर तक सानंद संपन्न हुआ। लगभग 95 शिविरार्थी बच्चों को पूज्यनीय महासतियों जी के द्वारा अध्ययन अध्यापन कराया गया। अखिल भारतीय स्तर पर घोषित परिज्ञा शिविर संदर्भ बालोद में आयोजित पाँच दिवसीय आवासीय शिविर को स्थानीय शिविर संयोजक सुश्रावक मुकेश श्रीश्रीमाल एवं सहसंयोजक देवीचंद गोलछा के नेतृत्व में एवं साधुमार्गी संघ बालोद के सभी वरिष्ठ श्रावक–श्राविकाओं, समता महिला मंडल, समता युवा संघ और बालक बालिका मंडल के एकजुट सहयोग से संपन्न हुआ।

## सेंट्रल और नान के लिए चावल जमा करने में तेजी

# अब तक 13 लाख 34 हजार से अधिक किसानों ने बेचा 63 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी को लभगभ दो महीने का समय हो चुका है। इस बीच अब तक राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 34 हजार 119 किसानों से 63 लाख 22 हजार 32 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

इसके एवज में किसानों को 14 हजार 33 करोड़ रुपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। इसके साथ ही धान की कस्टम मिलिंग का काम जारी है। सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई और राज्य पूल के लिए नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने का काम भी तेजी पर है।



### कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव तेज

राज्य में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव जारी है। अब तक 51 लाख 24 हजार 619 टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा 38 लाख 57 हजार 479 टन धान का उठाव किया गया है। खाद्य विभाग के सचिव ने मिलर्स को तेजी से धान का उठाव करने के साथ ही कस्टम मिलिंग का चावल नियमित रूप से जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। कस्टम मिलिंग का चावल फिलहाल नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा लिया जा रहा है। 1 जनवरी से एफसीआई में भी सेंट्रल पूल का चावल जमा होने लगेगा। मिलर्स को बीते वर्ष की कस्टम मिलिंग के शेष चावल को भी शीघ्र जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

- 14 हजार 33 करोड़ रुपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है
- 51 लाख 24 हजार 619 टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया

### अब मिलर्स बनाएंगे उसना चावल

छत्तीसगढ़ में राइस मिलर्स अब तक अरवा चावल बनाने का काम कर रहे थे। दरअसल केंद्र सरकार ने सेंट्रल पूल के लिए केवल अरवा चावल देने का आदेश दिया था, लेकिन सरकार बदलने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आग्रह पर केंद्र सरकार ने राज्य से 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल लेने की भी सहमति दी है। बताया गया है कि अब खाद्य विभाग मिलरों को उसना चावल तैयार करने का आदेश जारी करेगा। जो मिलर्स अब तक अरवा चावल बना रहे थे, उनमें से ऐसे मिलर, जिनकी मिल उसना चावल बनाने की क्षमता रखती है, उन्हें उसना चावल बनाने के लिए कार्यादेश जारी किया जाएगा।

# भारत को स्वर्ग बनाने के लिए पवित्रता का होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेंटर ग्राम पीपरछेड़ी में वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चिंताराम देवहारे थे व विशेष अतिथि गायत्री परिवार के राजेन्द्र कुमार सिन्हा, हल्बा समाज ग्रामप्रमुख महेश कुमार माहला, चेतन खरे, खेमराजपुरी गोस्वामी उपस्थित थे। अध्यक्षता कर रही स्थानीय सेंटर की ब्रह्माकुमारी चुन्नी बहन ने संस्था द्वारा प्रसारित मुरली संदेश बताते हुए कहा कि स्वर्णिम युग लाने के लिए भारत को स्वर्ग बनाने के लिए पवित्रता का होना जरूरी है। परमात्मा की शक्ति से ही कोई भी महान कार्य सफल होता है, ईश्वर से जुड़कर ही मनुष्य लक्ष्मी नारायण जैसे देवता बन सकते हैं। हमेशा सत्य के मार्ग पर ही चलना चाहिए, रामराज्य की स्थापना इसी से ही हो सकती है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था इसी उद्देश्य को लेकर पूरे विश्व में कार्य कर रही है। गायत्री परिवार प्रतिनिधि राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि अध्यात्म के मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति, परिवार, समाज व विश्व अखंड शांति व आनंद को प्राप्त कर सकता है। अपने आप को जानना व संसार को समझना ही अध्यात्मज्ञान है। वर्तमान समय में मनुष्य बाह्य ज्ञान, वैज्ञानिक आविष्कार में जितनी तेजी से आगे बढ़ रही है, उतनी ही अपने को जानने, आंतरिक ज्ञान के मामले में पीछे हो रही है, इसी कारण जीवन में सुख शांति हमसे दूर हो रही है। मनुष्य तीन शरीरों से बना है पहला स्थूल जो हाड़मांस के रूप में प्रत्यक्ष दिखाई देती है, दूसरा सूक्ष्म शरीर जिसमें मन बुद्धि आती है व तीसरा शरीर अंतरात्मा के रूप में है, तीनों शरीर की शुद्धता पवित्रता से ही हम पूर्ण स्वस्थ हो सकते हैं और समाज राष्ट्र भी सभ्य बन सकता है। वर्तमान समय में ऐसे ही आध्यात्मिक संस्थाओं के संगति की नितांत आवश्यकता है। साथ में अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये, बच्चों द्वारा भजन, प्रेरणादायक गीतों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य प्रस्तुत किये, कार्यक्रम का मंच संचालन ब्रह्माकुमार महेश कुमार ने किया। विशेष रूप सहयोग संस्था के योगेश कुमार, शोभा बहन, प्रियंका बहन एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

# ढीला हो रहा हमर क्लीनिक का कामकाज कारण बताओ नोटिस, समय पर आने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




घर के समीप ही प्राथमिक जांच और उपचार की सुविधा देने के लिए प्रारंभ किए गए हमर क्लीनिक का कामकाज ढीला होने लगा है। डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ के समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने की शिकायतों के आधार पर कुछ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सभी हमर क्लीनिक के चिकित्सकों को हिदायत दी गई है कि वे निर्धारित समय पर ड्यूटी पर आएं, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

करीब डेढ़ साल पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोहल्लास्तर पर हमर क्लीनिक की शुरुआत की गई थी। इन स्थानों पर एमबीबीएस डाक्टरों को तैनात किया गया था, जो आने वाले मरीजों की बीपी-शुगर सहित अन्य प्राथमिक बीमारियों की जांच के साथ उन्हें निशुल्क दवा उपलब्ध कराते थे। शुरुआती दौर में हमर क्लीनिक में दो वक्त की ओपीडी का संचालन किया जाता था, मगर धीरे-धीरे इसके कामकाज में लापरवाही शुरू हो गई थी। शिकायत मिलने लगी थी कि हमर क्लीनिक का संचालन समय पर नहीं किया जा रहा है और डाक्टर अपनी ड्यूटी के दौरान क्लीनिक में नहीं बैठ रहे हैं। इस तरह की शिकायतों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए बैजनाथ पारा सहित आधा दर्जन हमर क्लीनिक के चिकित्सकों को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए नोटिस जारी कर उनसे इसका कारण पूछा है। इसी तरह तमाम चिकित्सा स्टाफ को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर आए और दोनों वक्त की ओपीडी में मरीजों का इलाज करें।

- प्राथमिक उपचार के लिए गली–मोहल्ले में खोले गए हैं स्वास्थ्य केंद्र

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी द्वारा उन्हें चेतावनी दी गई है कि ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### निशुल्क जांच के लिए जारी हुआ आदेश

वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा देने के लिए सिविल सर्जन सहित तमाम बीएमओ को इसकी व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश जारी किया गया है। स्वास्थ्य केंद्रों में वरिष्ठ नागरिकों को तमाम तरह की बीमारियों की जांच प्राथमिक स्तर पर देने और आवश्यक होने पर उच्च संस्थान में रेफर करने निर्देशित किया गया है। सीनियर सिटीजन की पहचान के लिए वार्डस्तर पर सर्वे करने और जांच सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## कोरोना : दुर्ग में एक मौत, दस नए मामले पुराने तीन ठीक हुए

**रायपुर।** आठ माह तक नियंत्रित रहने के बाद कोरोना प्रभावित एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। 82 साल की महिला का इलाज सेक्टर-9 हास्पिटल में चल रहा था। कोरोना के अलावा उसे दूसरी तरह की गंभीर बीमारी भी थी। शुक्रवार को राज्य में दस नए मामले सामने आए वहीं आठ दिन पहले मिले तीनों संक्रमितों को स्वस्थ घोषित किया गया।

कोरोना के मामले धीरे-धीरे बढ़ने लगे हैं। सप्ताहभर में इनका आंकड़ा दहाई अंक तक पहुंच गया है। गुरुवार को यहां 12 तथा शुक्रवार को दस नए मामले सामने आए, जिसे मिलकर एक्टिव मरीजों की संख्या 37 हो गई है। राज्य में करीब आठ माह बाद मौत के कारणों में कोरोना को शामिल किया गया है। दुर्ग जिले में रहने वाली महिला को इलाज के लिए सेक्टर-9 अस्पताल में दाखिल किया गया था। कोरोना के सबसे अधिक मामले अभी दुर्ग जिले संबंधित है यहां एक्टिव मरीजों की संख्या 13 है। वहीं रायपुर जिले में एक संक्रमित के ठीक होने के बाद सक्रिय मरीजों की संख्या 6 हो गई है। रायगढ़ में चार नए केस मिलने के बाद वहां आठ संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा कोरिया, सूरजपुर, सुकमा में भी कोरोना के मामले मिले हैं। शुक्रवार को 4678 सैंपलों की जांच की गई है।

# दो बरस की रंजिश में खेला खूनी खेल युवक को घेरकर चाकू, डंडे से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/धरसींवा



धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलियारी चौकी में आपसी रंजिश पर एक परिवार के लोगों ने एक युवक पर चाकू, रॉड तथा डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने तीन नाबालिग सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 147, 148 तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

- घटना धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलियारी चौकी की
- ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया

पुलिस के मुताबिक कपिश मरकाम पर जानलेवा हमला करने के आरोप में एक ही परिवार के तीन नाबालिग सहित पूरन सोलंकी, दिनेश, अमित, विजय राठौर तथा रोहित को गिरफ्तार किया है। कपिश के चाचा ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को पूरन तथा उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने कपिश को घेर लिया और उस पर चाकू, डंडा तथा रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कपिश के पिता तथा चाचा द्वारा बीच बचाव करने पहुंचने पर बदमाशों ने उनके साथ भी मारपीट की।

### तेज रफ्तार वाहन चलाने से मना करने पर नाराज थे

कपिश के चाचा के मुताबिक एक पखवाड़ा पूर्व सोलंकी परिवार का एक लड़का गांव में लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार बाइक चला रहा था, जिसे उसने तथा गांव के कुछ लोगों ने रोककर समझाइश दी। इससे नाराज होकर सोलंकी परिवार के लड़के ने अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर कपिश पर प्राणघातक हमला किया। उरला सीएसपी अविनाश मिश्रा के मुताबिक पीड़ित तथा आरोपी पक्ष की पिछले दो वर्ष से आपसी रंजिश चल रही है।

### नाराज लोगों ने थाने का घेराव किया

मारपीट की घटना में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीण नाराज थे। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को सिलियारी बंद का आयोजन किया। इसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया। नाबालिगों को बाल न्यायालय में पेश किया गया।

### गिरफ्तार कर जेल दाखिल

सिलियारी में मारपीट की घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया गया है। मारपीट की घटना आपसी रंजिश पर हुई है।

- **अविनाश मिश्रा,** उरला सीएसपी

# ग्रामीणों को मिल रहा उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड

**बालोद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बालोद विकासखण्ड के ग्राम परेंगुड़ा में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 67 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण कर 16 हितग्राहियों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 08 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। इसी तरह ग्राम सांकरा क में 82 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड देकर 11 लोगों का नया कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 4 लोगों का नवीन पंजीयन किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 14 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 3 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 1 का पंजीयन किया गया। ग्राम देवरी में 499 लोगों को आयुष्मान कार्ड बांटा गया व 15 लोगों का नया कार्ड बनाया गया।



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 2 हितग्राहियों का नवीन पंजीयन किया गया। केसीसी ऋण स्वीकृत करने हेतु 05 किसानों का आवेदन लिया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10 हितग्राहियों को रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 16 एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 15 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया।

पेज 9 के शेष...

### किसानों के खाते...

हो चुकी है, जिसमें 13 करोड़ 31 लाख 19 हजार 202 रुपए की वसूली हो चुकी है, 85 हजार 656 क्विंटल धान परिवहन हेतु शेष सोसायटी में रखी हुई है। 3411 किसान लाभान्वित हुए। शाखा प्रबंधक ने 18 साल से 40 साल उम्र वाले खाताधारकों को मासिक किस्त राशि जमा कर 60 साल बाद अटल पेंशन का लाभ उठाने की अपील की है।

### गन्ने की 550...

का मूल्य 550 रूपये प्रति क्विंटल करने की मांग जिला के गन्ना किसानों ने की है। मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा गया है, पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पहले से 2800 रूपये प्रति क्विंटल धान खरीदी की घोषणा की थी, बाद में भाजपा द्वारा 3100 रूपए प्रति क्विंटल के भाव से एवं प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदने की घोषणा की गई है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इसलिए गन्ने का रेट भी समर्थन मूल्य के अलावा 250 रूपये प्रति क्विंटल दिया जाए, तभी गन्ने की खेती करना संभव हो पाएगा। यदि गन्ना का रेट नहीं बढ़ाया जाता है, तो गन्ना की खेती धान के बदले घाटे की खेती होगी। प्रदेश में छत्तीसगढ़ शासन की सहकारी शक्कर कारखाना है, यदि गन्ना का रेट नहीं बढ़ाया जाता है तो शक्कर कारखाना के अस्तित्व पर खतरा पैदा हो जाएगा। मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री से मिलने के लिए संघ के संरक्षक छगन देशमुख, अध्यक्ष तेजराम साहू, कृष्णाराम साहू, हिमकर चन्द्राकर, डोलेश्वर साहू, चाणक्त यादव, चुमेश साहू, सांवत साहू, मनोहर सिन्हा, दुर्गु राम साहू के साथ किसान उपस्थित थे।

### बालोद में विकसित...

किया जाएगा। इसके अलावा एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी तीन वर्गों में शाला स्तर पर हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी के छात्र–छात्राओं के लिए, महाविद्यालय एवं आईटीआई के लिए तथा ओपन समूह पर यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी है। इसके लिए प्रतिभागी अपना नाम नगर पालिका में दर्ज करा सकते हैं। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागी को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम में स्केनर, बारकोड भी लगाये गये है, जिसमें सेल्फी लेकर अपलोड करने पर भारत सरकार के पोर्टल पर प्रविष्ट किया जायेगा। सभी प्रतियोगिताओं में जिन प्रतिभागी का चयन होगा उसे भारत सरकार के पोर्टल में दर्ज किया जायेगा और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागियों का चयन होने पर भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही जनसुविधा के लिए फूड जोन भी बनाया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील अग्रहरि ने बताया कि शिविर में हेल्थ मैगा कैम्प भी लगाया जाएगा जिसमें विभिन्न बीमारियों के ईलाज के अलावा दवाईयां भी वितरण की जाएंगी। स्थल पर आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला कार्ड व केन्द्र सरकार की अन्य योजनाओं के कार्ड भी बनाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने सभी नागरिकों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### कबड्डी में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**जामगांव आर।** शहीद प्रकाशवान क्रीड़ा मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग अशोक साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस राजेश ठाकुर ने की। विशेष अतिथि पूर्व सदस्य जिला पंचायत जयंती साहू, जोन प्रभारी भेष आठे, सरपंच होरी लाल साहू, समाजसेवी रेवा साहू, डा डागेश्वर साहू, नरेंद्र साहू, अश्वनी साहू, अरुण साहू,गजेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी, वीर हनुमान की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किए। इस अवसर पर गजानंद निर्मल, महेश साहू, चुन्नू साहू, मानसिंह साहू, चौनसिंह विश्वकर्मा, धनेंद्र साहू, लीलाधर, समीर कुमार, गिरिजा शंकर, प्रीत विश्वकर्मा, डेमन यादव, कैलाश यादव, राधवेंद्र, दिनेश, भूषण, तोषण, तरुण निर्मल, मयंक ठाकुर, प्रियांशु यादव, गुणवंत, झामन साहू, जयकुमार, उमेश्वर, गुलशन, युगल, ढालेंद्र, जीतकुमार, गुरुदयाल, संजू साहू, हिमांशु साहू, वेदांत साहू, प्रशांत साहू, लाकेश साहू, तरुण साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### ओपन स्कूल में आवेदन की अंतिम तिथि आज

**रायपुर।** राज्य ओपन स्कूल की ओर से आयोजित मुख्य एवं अवसर परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। इस निर्धारित तिथि के पश्चात 1 से 15 जनवरी तक 500 रुपए विलंब शुल्क के साथ छात्र-छात्राएं परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं। छात्र प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने समीपस्थ अध्ययन केंद्र में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। और अपने समीपस्थ अध्ययन केंद्रों में बिना विलंब शुल्क के 31 दिसंबर 2023 तक जमा कर सकते हैं। अध्ययन केंद्रों की सूची कार्यालयीन वेबसाइट में उपलब्ध है। इसके साथ ही राज्य कार्यालय की पोर्टल में जाकर छात्र इस वर्ष से ऑनलाइन प्रवेश आवेदन भर सकते हैं।

**कार्यक्रम : नगपुरा व बोरई में विकसित भारत संकल्प भारत यात्रा में शामिल हुए विधायक**

# 100वीं वर्षगांठ मनाने के समय विकसित देश के रूप में खड़ा रहेगा भारत : विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगपुरा और बोरई में विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है। एक विकासशील राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए क्या-क्या आवश्यकताएं होती हैं, इसको एक विजन के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं। देश जब अपनी आजादी की 100 वीं वर्षगांठ मनाएगा, तो विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा होगा। विकसित भारत की संकल्पना के साथ रथ निकाले जा रहे हैं, इसमें गरीब लोगों के लिए जितनी भी सेवाएं उपलब्ध हैं जैसे कृषि, स्वास्थ्य, आधार सहित अन्य सेवाएं उनके द्वार तक शत-प्रतिशत पहुंचाने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। यह रथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में जायेगी जहां 17 प्रकार की विभागीय सेवाओं का स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी के साथ सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु अपील की। इस मौके पर ललित चंद्राकार ने सभी



#### योजनाओं का मिला लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये थे। इसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बीसी सखी सेवा केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना नवीन पंजीयन सुधार केन्द्र, आयुष्मान कार्ड/आधार कार्ड, आधार सुधार पंजीयन से संबंधित सेवाओं का लोगों ने लाभ लिया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर लोगों की स्वास्थ्य जांच भी की गई। इसके साथ ही 5 हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन से लाभान्वित किया गया।



जिला पंचायत सदस्य जिला स्तरीय अधिकारियों को बेहतर कार्य करते हुए इन सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस जुड़कर लाभान्वित हो सके। इस कार्यक्रम में ग्राम के अध्यक्ष गिरेश साहू, सरपंच भूपेंद्र रिगरी,उपसरपंच इतवारी राम निषाद,मन्नू लाल यादव,देवसिंह, परमानंद, इलेश्वर, तीजन बाई,बदुरी बाई,पूर्णिमा देवांगन,रेनू धनकर, गायत्री धनकर,नीरा सप्रे, ओमकार देवांगन, सुखदेव देवांगन, भागीरथी,गौतरहिन बाई, सुरेश पाण्डेय,रोजगार सहायक संतोष बाघमार, सचिव उत्तम देशमुख, प्यारे लाल साहू और मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, राजीव यादव, ओमकार देवांगन, सुखदेव देवांगन,सरपंच पदमा बाई साहू,नोडल अधिकारी जीएस महिलांगे, विकास खंड समन्वय रविशंकर खुसरो, भाना बाई ठाकुर, शिव कुमारी वैस्नव, छत्र पाल साहू, ठापेन्द्र यादव, प्रीतलाल ठाकुर, गायत्री ठाकुर, लोचन सिन्हा, किशोर यादव, संतोष सिन्हा, संतोष साहू, ओमकार देवांगन, सुखदेव देवांगन,देव कुमार यदू, शत्रुधन साहू, उन्नत कृषि का निर्माण करने वाले ज्ञवेन्द्र भूषण वैष्णव ने सम्मान किया।

## किसानों की समृद्धि के लिए काम करती है भाजपा : देवलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम किल्लेकोडा में विकसित भारत यात्रा का रथ पहुंचा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता भाजपा देवलाल ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों को समृद्ध बनाने की कार्ययोजना पर काम करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी केबिनेट की बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय लिया, वहीं दूसरी ओर विगत भाजपा शासनकाल के दौरान 02 वर्ष के बोनस का सुशासन दिवस पर भुगतान किया गया है। प्रदेश की भाजपा सरकार अपने घोषणा पत्र में शामिल सभी घोषणाओं को पूरा करेगी। प्रदेश के लोगों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित माता-बहनों को प्रति वर्ष 1000 रुपये प्रदान कर एक वर्ष में 12000 रुपये दिए जाएंगे। श्री ठाकुर ने कहा भाजपा सरकार द्वारा बोनस राशि का भुगतान किए जाने से किसान समृद्ध हुआ है, अब प्रदेश में दीपावली का पर्व आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत महिला एवं बाल विकास की ओर से श्रीमती राधिका बाई, स्वास्थ्य



विभाग की ओर से श्रीमती धर्मीनबाई, कृषि विभाग की ओर से श्रीमती रामेश्वरी देवी गांवरे, वीरेंद्र कुल्हार्य और नाबार्ड आदिवासी बाड़ी विकास योजना के तहत जोधनलाल गांवरे नाबार्ड जल ग्रहण योजना के अंतर्गत योधन लाल कोलियारा ने अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता भाजपा एवं प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर, मंडल महामंत्री दारा सिंह भौसार्य तथा मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा जगतपाल सिन्हा सहित सरपंच ललिता गांवरे, गैंदलाल ताराम पूर्व सरपंच, वीरेंद्र कुल्हार्य पूर्व पंच, अजय मुखर्जी प्राचार्य, एन.आर. शिवाना प्रधान पाठक, श्रीमती रामेश्वरी देवी, श्रीमती उत्तराबाई, योधन कोलियारा तथा वाय.एस. मरकाम वरिष्ठ व्याख्याता उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकसित भारत, हमारा संकल्प यात्रा में विकासखण्ड गुरूर के अरकार डोटोपार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। गुरूर विकासखण्ड अंतर्गत सभी विभाग अध्यक्ष द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। जो पात्र हितग्राही लाभ से वंचित हैं उनसे तत्काल आवेदन लिया जा रहा है। उक्त अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के गुरूर मंडल कौशल साहू, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य संतोष गंगबेर, महामंत्री भुवन लाल साहू, जिला भाजपा महिला मोर्चा के सदस्य लीला साहू, सरपंच अजय चतुर्वेदी, उपसरपंच सत्यभामा साहू, पंच, ग्रामीण उपस्थित थे।

- अरकार डोटोपार में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लगा शिविर

नुक्कड़ सभा के माध्यम से जैविक खेती व प्राकृतिक खेती के बाद ग्रामीणों को जागरूक किया गया। डोटोपार में ग्रामीण व शिक्षक विष्णु साहू के द्वारा प्राकृतिक व जैविक खेती के बारे में जनता व किसानों को प्रेरणा प्रदान किया गया। मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू, अपने उद्बोधन में किसानों की आय दुगुनी करने के मोदी संकल्प को दोहराते हुए बताया कि धान के समर्थन मूल्य





में बढ़ोत्तरी, किसान सम्मान निधि योजना, किसानों को उर्वरक खाद में सब सीधी प्रदान कर किसानों को आत्मनिर्भर बनाता जा रहा है। समाज के अंतिम पंक्ति के गरीब परिवार के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही प्रदेश की मुखिया विष्णुदेव साय द्वारा 18 लाख गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए काम शुरू किया। रमन सरकार के बकाया दो वर्ष का बोनस छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वायपाई के जन्म दिन 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के दिन किसानों के खाते में ट्रांसफर किया गया। कौशल साहू द्वारा स्टाल लगाए अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि कार्यक्रम समाप्ति के बाद ही अपने-अपने स्टाल का सामान को समेटने का कार्य करें। कार्यक्रम में राजस्व अधिकारी, तहसीलदास व जनपद के अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर किया।

शिविर कार्यक्रम के अंतिम समय तक ग्रामीणों द्वारा योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन लेकर जमा करते नजर आए। कार्यक्रम में संतोष गंगबेर, भूषन लाल साहू, सरपंच अजय चतुर्वेदी, नीता साहू ने भी संबोधित किया।

### विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कार से सम्मानित

**रायपुर।** कराते इंडिया आर्गेनाइजेशन से संबद्ध यूनाइटेड शोटोकन कराते डू इंडिया छत्तीसगढ़ के संयोजकत्व में शुक्रवार को बालाजी विद्या मंदिर में 27वीं नेशनल कराते चैंपियनशिप हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश विग थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।




## इंटर्नशिप कर रहे 11वीं-12वीं के विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय झलमला में व्यवसायिक विषय का पाठ्यक्रम संचालित है, जिसके अंतर्गत टेलीकॉम विषय के 11 वी एवं 12वी के छात्र-छात्राओं को भारत सरकार के दिशा निर्देश अनुसार 10 दिवसीय, 80 घंटे का इंटर्नशिप का कार्यक्रम कराया जा रहा है। इसके लिए विषय संबंधित संस्थान मोबाइल एंड कंप्यूटर का चयन किया गया है। इंटर्नशिप के द्वारा बच्चें मोबाइल सेलिंग, रिपेयरिंग, ऑप्टिकल फाइबर नेट, ब्राडबैंड कनेक्शन, दूरसंचार, कंप्यूटर, लैपटॉप इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं मोबाइल दुकान के संचालक के द्वारा विशेष प्रशिक्षण बच्चों को प्राप्त हो रहा है। यह कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य शिबानी नंदी, व्याख्याता वीके पटेल और व्यवसायिक प्रशिक्षक देवेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

### रजिस्ट्री कागजात गुमा

मैं गोवर्धन साहू आत्मज स्व. अंजरुराम साहू उम्र 72 साल साकिन गुरूर मूल निवास ग्राम खोरदो तहसील गुरूर का निवासी हूं। यह कि मैंने गुरूर तहसील गुरूर स्थित बिसाहू पिता अमर सिंह जाति कलार का भूमि खसरा नंबर 36/1 रकबा 0.1000 हेक्टेयर, 0.12 पैसे लगानी खरीदा गया था। उक्त क्रय भूमि से संबंधित रजिस्ट्री कागजात कहीं गुम हो गया है। जिसका पता तलाश करने पर भी नहीं मिल रहा है। इसकी प्राथमिकी सूचना गुरूर थाना में भी दर्ज करा दी गई है। आम जनता सूचना जाने।

**गोवर्धन साहू**
**गुरूर, तहसील गुरूर, जिला-बालोद**

**खबर संक्षेप**



### खेत में जा रहा शौचालय का गंदा पानी

**बालोद।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खैरतरई में ग्राम पंचायत के शौचालय का गंदा पानी किसान के खेत में जा रहा है, जिससे किसान को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम खैरतराई निवासी खिलेश्वर साहू जिनका एक एकड़ खेत जो ग्राम पंचायत से लगा हुआ है, जहां खेत के नजदीक ही ग्राम पंचायत द्वारा शौचालय की टंकी का निर्माण किया गया है। टंकी वर्तमान में कई महिनों से भर कर छलक रही है। टंकी से निकल रहा गंदा पानी आस पास के खेतों में जा रहा है, जिससे किसान को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान खिलेश्वर साहू व देवप्रकाश साहू ने बताया कि कुछ माह पहले से ही टंकी ओवरफ्लो होकर इसका गंदा पानी आस पास के खेतो में जा रहा है। इससे वर्तमान में कुछ दिनों पहले हमें धान की कटाई के लिए काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ा। जहां एक ओर मौसम खराब होने के कारण पानी गिरने से फसल खराब होने का डर बना रहता था वहीं, खेत सूख नहीं पाने की स्थिति में धान की कटाई के लिए भी सोचना पड़ता था। शौचालय का गंदा पानी खेतो में जा रहा है जिससे खेत पूरी तरह सूख नहीं पा रहे हैं। इससे वर्तमान में हार्वेस्टर से धान की कटाई करवाने में परेशानी आ रही है। किसानों ने बताया कि अगर आगे टंकी का गंदा पानी खेतों में जाने से नहीं रोका गया, तो वर्तमान में जो एक एकड़ खेत में गंदा पानी फैल रहा है, वह आगे अन्य खेतों में भी पहुंच सकता है जिससे अन्य कई किसानों को दिक्क्तों का सामना करना पड़ सकता है। किसानों ने बताया कि वे कई बार ग्राम पंचायत को इसकी जानकारी दे चुके हैं, परंतु ग्राम पंचायत द्वारा इस ओर कोई कदम नहीं उठाया जाता और सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है, जिससे किसानों की दिक्कतें बढ़ती जा रही हैं।

**निधन**

### सुखरण लाल यादव

**बालोद/निकुम।** ग्राम गोड़ेला निवासी 63 वर्षीय सेवानिवृत्त



शिक्षक व छत्तीसगढ़ी लोककला चंदाकिरण के संचालक सुखरण लाल यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गोड़ेला मुक्तिधाम में किया गया। वे राकेश रंजन यादव, नागेश रंजन के पिता थे।

### मन्थिर लाल देशमुख

**अंडा।** ग्राम चिंगरी निवासी मन्थिर लाल देशमुख का 29 दिसंबर को



निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 दिसंबर को को ग्राम चिंगरी में किया गया। वे शम्भु देशमुख और डा नरेश डब्बू देशमुख के पिता जी थे।

**आस्था : नगर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, नगरवासियों ने फूलों की वर्षा कर किया भव्य स्वागत**

# बालोद पहुंचा अक्षत कलश, निकाली भव्य शोभायात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भगवान श्रीराम के जन्मस्थल अयोध्या से बालोद पहुंचे अक्षत कलश का शहरवासियों ने फूलों की बौछार के साथ स्वागत किया और भव्य शोभायात्रा निकाली। अक्षत कलश को फूलों से सजाकर तथा भगवान राम के प्रतीक स्वरूप छोटे बच्चों को रथ में बैठाकर उनका पूजा अर्चना की गई। अक्षत कलश यात्रा में शीतला मंदिर समिति के सदस्य, हिन्दू धर्म सेना, बजरंग दल सहित भाजपा के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। अक्षत कलश यात्रा शहर के शीतला मंदिर से निकाली गई जो शहर के बस स्टैंड मार्ग होते हुए दल्लीचौक, घड़ी चौक, सदर रोड, मधु चौक सहित जय स्तंभ चौक होते हुए वापस शीतला मंदिर में यह शोभायात्रा समाप्त हुई। अक्षत कलश शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ी गेड़ी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देखने को मिली, वहीं सैकड़ों की संख्या में छोटी बच्चियों से लेकर महिलाएं भी कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुई। इस दौरान भाजपा नेता यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, पार्षद कमलेश सोनी, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पूर्णाहुति के साथ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री परिवार जिला बालोद तथा समस्त नगरवासी डोंडी के द्वारा चौबीस कुंडीय गायत्री महायज्ञ का पूर्णाहुति 24 कुंडों में मुख्य यजमानों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चिखलपट्टी आश्रम कोंडागांव से पधारे महाप्राण ने कहा की धर्म की रक्षा कर प्रचार-प्रसार करें। गुरु सत्ता से जुड़ने हेतु दीक्षा लेने कहा। शांतिकुंज हरिद्वार से टोली नायक योगेश ने युग संदेश देते हुए कहा की समर्थ राष्ट्र और सशक्त कैसे बने?

सद्गृहस्थ बनें

इस पर गुरुदेव के विचारों को बताते हुए कहा की सबसे पहले अपने परिवार को सुखी परिवार बनाने के लिए कहा। सद्गृहस्थ ही अपने परिवार को सुखी और संपन्न बना सकता है। सदगृहस्थ में संत





तुका राम, सुधानवा, एक नाथ का जीवन में कैसे अपने सदगृहस्थ में रहते हुए इतिहास में अमर हो गए। 65 जोड़ी यजमान यज्ञ कुंडो में भागीदारी किए। यज्ञ के अंतिम दिवस पूर्णाहूति किया गया।

संपन्न हुए कई संस्कार

यज्ञ के माध्यम से विभिन्न संस्कार संपन्न किए गए जिसमें दीक्षा 158 पुंसवन 11, विधारंभ 27, मुंडन 11, जनेऊ 4 संपन्न किया गया। ऋषि पुत्रों द्वारा संस्कार की व्याख्या करते हुए कहा कि हर प्राणी जन्म से शुद्र होता है। अपने कर्म से द्विजत्व को प्राप्त कर सकता है।

**इनका रहा सहयोग-** कार्यक्रम में सहयोग किए सोमेश सोरी, मनीष झा, दिनेश अग्रवाल, लक्ष्मी साहू, छगन यदु, संतोषी ध्रुव, धारिणी सोरी, पवन यादव, किशोर कुमार, प्रकाश वाल्मीकि, कमलेश नारायण का युग साहित्य श्री फल भेंटकर सम्मान किया गया। टोली की बिदाई भी मंत्र दुपट्टा, श्री फल से किया गया आयोजक समिति से जिला समन्वयक व्हीएस अठनागर, सह समन्वयक दशरथ कलिहारी, ब्लॉक सयोजक लोचन साहू, भोला राम साहू, धनसिंह गंजीर, हरिसेवक मेश्राम, नारी जागरण प्रभारी तुलसी साहू, शलेखा साहू, रेणुका गंजीर, कार्यक्रम आयोजक पीएल सोनवानी, डॉ सीएल साहू, हुलास देवांगन, प्रो डीआर साहू, बाबूलाल वैष्णव, माधो साहू, रोहिल देशमुख, हीरा लाल, दमयंती पवार, अर्चना देशमुख, सोनसाय लटिया, डोमन यादव, कुलेश्वर भारद्वाज, दिलीप निर्मलकर, मिलन सिन्हा, विमल साहू, रोहित साहू, भोलेश्वर सिन्हे, नंदकिशोर पिस्दा, बशी रावते, परस मंडावी, संतोष कोरटिया, परस मंडावी, वंदना साहू, अर्चना देशमुख, वीना साहू, सुरेश देवांगन, भुवन सिन्हा, धर्मपाल नायक, नाथू राम सिवानाने टोली की बिदाई की।

## हरिनाम की भक्ति में डूबे अछोटीवासी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन का आज समापन

नवयुवक उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी अछोटी के तत्वावधान में दो दिवसीय संगीतमय हरिकीर्तन-भजन का आयोजन किया जा रहा है। हरिकीर्तन प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे दोपहर 1 एवं दोपहर 2 बजे से संध्या 5 बजे तक क्रीड़ा मंच प्रांगण में पंडित कामता प्रसाद शरनजी महाराज (जय गुरूदेव संकीर्तन परिवार कुडेरा दादर गरियाबंद) द्वारा किया जा रहा है। श्री शरण के द्वारा मानसगान एवं हरिकीर्तन के माध्यम से गांव-गांव शहर-शहर में प्रभु श्री राम के आचरण, हिंदू सनातन धर्म, संस्कृति को बनाए रखने के लिए श्रोताओं प्रेरित करते हैं। सभी लोगों को हमारे सनातन धर्म, संकृति, पर्यावरण को बचाए रखने के लिए प्रेरित करते हैं।। महराज के श्री मुख से दो दिवसीय कार्यक्रम में हरी नाम कथा के साथ भजन-कीर्तन में श्रद्धालुगण झूम उठे। आज कथा का समापन दिवस हैं। इस आयोजन में सरपंच घनश्याम दिल्लीवार, मधू साहू, भूपेन्द्र, लोकेश दिल्लीवार, प्रवीण दिल्लीवार, दयालू देशमुख, दीलिप दिल्लीवार, हंसराज देशमुख, हेमप्रसाद देशमुख, गणेश साहू, दानेश्वर यादव, गुलशन दिल्लीवार इन सभी का विशेष सहयोग रहा।

## अक्षत कलश के दर्शन को उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



नगर में अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से पहले अक्षत कलश का नगर में शोभायात्रा निकाली गई। अयोध्या से लाए गए अक्षत कलश को राम भक्तों ने गुण्डरदेही नगर के बड़े राम मंदिर से निकालकर शीतला मंदिर होते हुए नगर भ्रमण करवाया। अक्षत कलश के दर्शन व पूजा–अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। अक्षत कलश में बंधे कलावे को छूकर भक्त प्रभु राम के प्रति अपना नमन प्रस्तुत किया। उसके बाद राम भक्त निमंत्रण देने 165 अक्षत कलश को अपने अपने गांव लेकर पहुंचे। जहां सभी घरों में पीला चावल भेंटकर 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रत्येक घर में निमंत्रण दिया जा रहा है। शोभायात्रा में राम भक्त पुर्व जिला भाजपा अध्यक्ष लेखराम साहू, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, गोविंद साहू, खंड संयोजक हेमंत साहू, बिरेंद्र महराज, कमलेश पांडे, आकाश शर्मा, हेमंत साहू, पवन सोनवर्षा, श्रीकांत वर्मा, सतीश महोबिया, सौरभ चोपड़ा, पार्षद टीकाराम निषाद, शंकर यादव, हेमंत सोनकर, चेतन सोनकर, छगन सोनकर, नरेन्द्र यादव, थानमल जैन, केके साहू, नेतराम साहू, सुरेश साहू, दयाराम सिन्हा, अमीत जैन, भारत साहू, पंकज साहू, नेमचंद यादव, तोमन लाल साहू, डालाराम साहू, देव कुमार साहू, नविता साहू, यशोदा साहू, लता साहू, तिजिया साहू, शशिकला साहू सहित सैकड़ों राम भक्त शामिल हुए।

## भागवत के दौरान विधवा, दिव्यांगों और बुजुर्गों को भेंट की गई आवश्यक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम झलमला में आयोजित भागवत कथा में आयोजकों ने अनूठी पहल करते हुए भागवत कथा के अंतिम दिन कई वृद्धों, विधवा व दिव्यांगों को विभिन्न तरह से सहायता प्रदान की। ग्राम झलमला में स्व. रामचंद, रेवतीबाई व स्व. गोवर्धन पटेल, तुलसी बाई की स्मृति में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया था। आयोजक ग्राम पटेल मनोहर पटेल व पूर्व जनपद सदस्य शकुन पटेल थीं। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र रेलवे पुलिस धर्मेन्द्र पटेल कार्यरत है, जिन्होंने उन्हें सुझाया कि भागवत कथा आयोजन के साथ कथा सुनने आए वृद्ध, विधवा व दिव्यांगों की मदद भी करनी चाहिए, जिसके बाद हमने निश्चय किया कि कथा के अंतिम दिन हम आर्थिक सहायता





के साथ कुछ प्रदान करेंगे। आयोजक ग्राम पटेल मनोहर पटेल व पूर्व जनपद सदस्य शकुन पटेल के पुत्र धर्मेन्द्र पटेल ने बताया कि जब रायपुर में पदस्थ था तो उनके मित्र जो रायपुर में पत्रकार हैं, वे दिव्यांग के नाम से एक संस्था बनाकर दिव्यांगों की मदद कर रहे हैं तथा दिव्यांगों के बीच जाकर उनके आर्थिक मदद के साथ कृत्रिम अंग लगवाने मे काफी मदद कर रहे हैं। उनसे प्रेरणा लेकर व सीखकर मैंने घर में आयोजित भागवत कथा में सुनने आने वाले दिव्यांग, विधवा व कई वृद्धों की मदद करने की बात की। उसके बाद घर वालों की सहमति से हमने कथा के अंतिम दिन आर्थिक मदद के साथ फल, गीता दान के साथ वर्तमान ठंड के मौसम मे उन्हे ठंड से बचाने के लिए गर्म शॉल भी दान किए हैं। आयोजन के अंतिम दिन कथा स्थल से शोभायात्रा गंगा मईया मंदिर तक निकाली गई जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति गीत पर झूमते दिखे।

**फिजूलखर्ची से अच्छा है कि लोगों की मदद करें-** धर्मेन्द्र पटेल, धर्मेन्द्र साहू ने बताया कि लोगों द्वारा भागवत कथा आयोजन करने के लिए लाखों रूपए खर्च किया जाता है, जो धर्म के लिए अच्छा भी है, लेकिन लाखों खर्च कर लोग थोड़ा पैसा किसी की मदद के लिए खर्च भी नहीं करते, जिससे भागवत कथा का आयोजन अधूरा सा लगता है। उन्होंने कहा कि अगर लोग कमाई का थोड़ा सा भी पैसा लोगों की मदद के लिए खर्च करें, तो स्वयं के साथ दूसरों का जीवन भी सुधर जाएगा और लोगों के जीवन में उनके माध्यम से खुशियां आएंगी।

**स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम द्वारा किया गया**

# विद्यार्थियों को दिया गया करियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के आईक्यूएस सेल द्वारा करियर गाइडेंस एवं काउंसिलिंग के उद्देश्य से अभिप्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निकुम, थनौद और तिरगा में किया गया। कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए यह कार्यक्रम प्राचार्य डा डीके बैलेंद्र के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सीमा जायसवाल ने छात्रों से करियर के चयन के लिए अपनी रुचि को पहचानने की सलाह दी। विज्ञान संकाय प्रभारी अन्नपूर्णा यादव असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति शास्त्र ने छात्रों को करियर के प्रति अनुशासित रहकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जीवविज्ञान एवं गणित संकाय के छात्रों के लिए करियर विकल्पों, एव प्रतियोगी परीक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसी क्रम में कला संकाय प्रभारी अंजू रानी



ठाकुर असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र ने कला संकाय के छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए विभिन्न प्रशासनिक सेवा से जुड़ी लोक सेवा आयोग, व्यापमं की प्रतियोगी परीक्षा से अवगत कराया। इसी प्रकार पूजा सोढ़ा असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य ने कॉमर्स, वित्तीय क्षेत्र से जुड़ी करियर संभावनाओं पर कॉमर्स के छात्रों को विस्तार से जानकारी दी। डा. शिप्पी देवांगन असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन शास्त्र आभार प्रदर्शन किया।

### ग्राम मडियाकट्टा में एनएसएस शिविर शुरू

**डौंडीलोहारा।** भारत सरकार व युवा और खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम भुआर्य के नेतृत्व में शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 50 स्वयंसेवकों के साथ दिनांक 29 दिसंबर से 04 जनवरी तक समीप के वनांचल ग्राम मडियाकट्टा में लगाया गया है। प्रथम दिन सीमा मंडावी सरपंच मडियाकट्टा तथा प्राचार्य राजुलाल कोसरे द्वारा स्वामी विवेकानंद और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर राष्ट्रीय सेवा योजना ध्वजारोहण कर सलामी देकर किया गया। शिविर के द्वितीय दिन स्वयंसेवकों द्वारा बाजार चौक की साफ-सफाई कर स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया साथ ही समस्त ग्रामवासियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गांव के सभी उम्र वर्ग के लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। बौद्धिक चर्चा के दौरान विकासखण्ड पशु चिकित्सा



अधिकारी डॉ. कमलेश ठाकुर द्वारा जीव-जंतुओं के पालन-पोषण व बीमारियों तथा पालतू पशुओं को लगने वाले टीकाकरण के बारे में बताया। साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ठाकुर द्वारा बकरी पालन, मुर्गी पालन और मछली पालन से मिलने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी दिया गया। शिविर की दूसरे दिन ग्रामीणों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम और नशा मुक्ति से संबंधित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया गया।

